कार्यालय : सचिव परीक्षा नियामक प्राधिकारी, उत्तर प्रदेश,
23 एलनगंज, इलाहाबाद, पिन कोडः– 211002
दूरभाष सं0/ फैक्स नं0:– 0532 2466761, 0532 2466769 Website: http:\\examregulatoryauthorityup.in
ई–मेल आई डी:– secretarypnp.up@gmail .com

विज्ञप्ति

सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा–2018 हेतु ऑन लाइन आवेदन

शासनादेश सं0 32/15–11–2018 शिक्षा अनुभाग–11 दिनांक 09–01–2018 द्वारा निर्गत मार्गदर्शी सिद्धान्त एवं शासनादेश सं0 55/15–11–2018 शिक्षा अनुभाग–11 दिनांक 17–01–2018 द्वारा दिये गये निर्देश के अनुपालन में **सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2018** उ0प्र0 बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित परिषदीय प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के कुल 68,500 पदों पर भर्ती के लिये परीक्षा आयोजित की जायेगी। यह परीक्षा मात्र इसी भर्ती के लिये ही मान्य होगी।

सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2018 में सम्मिलित होने हेतु इच्छुक एवं अर्ह अभ्यर्थियों से ऑन लाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं। ऑन लाइन आवेदन पत्र हेतु शैक्षिक अर्हता, आवेदन शुल्क, पाठ्यक्रम संरचना, परीक्षा अवधि व स्वरूप एवं अन्य शर्तों सहित विस्तृत दिशा–निर्देश **एन0आई0सी0 लखनऊ द्वारा निर्मित वेबसाइट http://upbasiceduboard.gov.in** पर उपलब्ध हैं। इसी वेबसाइट पर ऑन लाइन आवेदन हेतु पंजीकरण फॉर्म, आवेदन शुल्क जमा करने हेतु स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया का लिंक एवं ऑन लाइन आवेदन–पत्र उपलब्ध है। इस हेतु निर्धारित समय सारिणी निम्नवत् है–

1-	ऑन लाइन पंजीकरण प्रारम्भ होने की तिथि	**25.01.2018 (अपराह्न से)**
2-	ई–चालान द्वारा आवेदन शुल्क जमा करने हेतु प्रारम्भ तिथि	**26.01.2018**
3-	ऑन लाइन पंजीकरण की अंतिम तिथि	**05.02.2018 (सायं 06:00 बजे तक)**
4-	निर्धारित माध्यम से आवेदन शुल्क जमा करने की अंतिम तिथि	**07.02.2018**
5-	ऑन लाइन आवेदन पूर्ण करने की अंतिम तिथि	**09.02.2018 (सायं 06:00 बजे तक)**
6-	ऑन लाइन आवेदन में की गयी त्रुटियों में नियमानुसार संशोधन करने हेतु प्रारम्भ तिथि	**13.02.2018 (अपराह्न से)**
7-	ऑन लाइन आवेदन में की गयी त्रुटियों में नियमानुसार संशोधन करने हेतु अंतिम तिथि	**15.02.2018 (सायं 06:00 बजे तक)**

ऑन लाइन माध्यम के अतिरिक्त अन्य किसी माध्यम से आवेदन स्वीकार्य एवं विचारणीय नहीं होंगे। परीक्षा के सम्बन्ध में अग्रेतर दिशा–निर्देश वेबसाइट पर तथा समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किये जायेंगे।

23.01

डॉ0 (श्रीमती) सुत्ता सिंह
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी
उ0प्र0,इलाहाबाद। 23/1/18

पृ0सं0/गोप0/स0अ0भ0प0–18/ 23288–92 /2017–18 दिनांक : 23, जनवरी, 2018

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित –

1. अपर मुख्य सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–11, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
2. सचिव, बेसिक शिक्षा, शिक्षा अनुभाग–11, उ0प्र0 शासन, लखनऊ।
3. निदेशक, राज्य शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद, उ0प्र0 लखनऊ।
4. निदेशक, एन0आई0सी0, योजना भवन छठां तल, लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि **सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा 2018** हेतु प्रकाशित विज्ञप्ति को वेबसाइट पर अपलोड करते हुए निर्धारित कार्यक्रमानुसार समुचित कार्यवाही करने की कृपा करें।
5. प्रबंध निदेशक, यूपीडेस्को, द्वितीय तल, अप्ट्रॉन बिल्डिंग, गोमतीनगर, लखनऊ।

6. मुख्य प्रबन्धक, भारतीय स्टेट बैंक, गवर्मेन्ट बिजनेस शाखा, लखनऊ को इस आशय से प्रेषित कि प्रकाशित विज्ञप्ति के अनुसार आवेदन शुल्क जमा करने सम्बन्धित समुचित कार्यवाही करने की कृपा करें।

डॉ० (श्रीमती) सुत्ता सिंह
सचिव,
परीक्षा नियामक प्राधिकारी उ०प्र०,
इलाहाबाद।